पत्रांक सं०: 176/22 दिनांक: 16-04-2022

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट प्रतापगढ़।

प्रेस नोट

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की पराविधिक स्वंयसेवक योजना (पी०एल०वी०) के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रतापगढ़ हेतु जनपद प्रतापगढ़ में विभिन्न स्थानों पर कार्य किये जाने हेतु पराविधिक स्वंयसेवकों को नामित किया जाना है।

इस सम्बन्ध में इच्छुक नागरिक जिनके खिलाफ कोई दाण्डिक वाद लम्बित न हो और न ही किसी वाद में दण्डित हुये हों तथा निम्नलिखित में से कोई एक योग्यता धारित करते हों आवेदन कर सकतें है–

कौन आवेदन कर सकता है–

ऐसे व्यक्ति महिला/पुरूष जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वांछित वर्गो के उत्थान में रूचि रखते है तथा उनके कार्य करना चाहते है। इनमें शिक्षक,(सेवानिवृत्त शिक्षक सहित) सेवानिवृत्त सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाडी कार्यकर्ता, चिकित्सक,छात्र गैर सरकारी संगठन,एवं क्लब के सदस्य, स्वंय सेवा समूह, मैत्री समूह, आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (विद्वान अधिवक्ता को छोडकर) जो स्वंय सेवा में रूचि रखते हो तथा जिन्हे विधिक सेवा प्राधिकरण,ठीक समझे। पूर्व में चयनित पराविधिक स्वंय सेवक भी पुनः आवेदन दे सकते है, उन्हे वरियता प्रदान की जायेगी।

पराविधिक स्वंय सेवकों के कार्य–

पराविधिक स्वंय सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता विधिक सहायता,के लिये पीड़ित एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकरण,के प्रबन्ध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा सौपा जायेगा को करना है।

आरक्षण–

क्योकि पराविधिक स्वंय सेवकों को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है, तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नही है।

अतः पदों का आरक्षण नही है। परन्तु योजना के अनुरूप सभी वर्गो को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।

शैक्षिक योगिता– 10 पास

आवेदक विहित प्रापत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपने शैक्षिक एवं अन्य योग्यता का प्रमाण पत्र की स्वाप्रमाणित छायाप्रति लगाकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रतापगढ़ के कार्यालय में हाथों हाथ या पंजीकृत डाक दिनांक **23.04.2022** तक भेज सकतें है।

नोट– पराविधिक स्वंय सेवकों के कार्य के लिये कोई वेतन, परिश्रमिक या मजदूरी समय–समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,के द्वारा तय किये मानदेय के अलावा नही होता है।

आवेदक अपने कार्य करने की रूचि जिला स्तर,तहसील स्तर,या ग्राम स्तर, पर कार्य करने की इच्छा या वरीयता दर्शाये।

सामान्य अनुदेश–

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।
3. अच्छा चरित्र का हो तथा समाज सेवा में रूचि रखता हो।

आवेदन भेजने का पता – कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट प्रतापगढ़।

दिनांकः 16.04.2022

16/04/2022
(नीरज कुमार त्रिपाठी)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
प्रतापगढ़।

<u>पराविधिक स्वंय सेवक के चयन हेतु आवेदन पत्र</u>

1. आवेदक का नाम..
2. पिता का नाम..
3. जन्मतिथि..
4. लिंग..
5. आधार संख्या (छायाप्रति संलग्न की जायें)...
6. मोबाइल नं0..
7. पता..

....

8. शैक्षिक अर्हताएं (समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जायें)
9. अन्य योग्यता एंव अनुभव (यदि हो तो).
10. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई दाण्डिक कार्यवाही विचाराधीन है या दण्डित हुये हो?
    यदि हॉ तो उसका पूरा विवरण, यदि नही तो शपथपत्र संलग्न किया जाये–

मैं...एतद्द्वारा निवेदन करता हूँ कि मै.................................
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ में पराविधिक स्वंय सेवक के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक हूँ। मैं यह घोषणा करता हूँ कि मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बिना किसी आर्थिक लाभ के पराविधिक स्वंय सेवक के कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा । मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि कि मेरे विरूद्ध कोई दाण्डिक वाद लम्बित नहीं है। और न ही किसी न्यायालय द्वारा दण्डित हुआ हूँ।

दिनांकः

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर